मन की बात में पीएम मोदी ने अपील की कि जब दुनिया इतने बड़े संकट का सामना कर रही है, तो इस बार रमजान को धैर्य, सद्भाव, संवेदनशीलता और सेवा का प्रतीक बनाने का एक अवसर है

*अचानक मौसम में हुए बदलाव से देश के कई इलाकों में तेज बारिश हुई, बारिश का असर सबसे ज्यादा किसानों पर, छपरा में आकाशीय बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत*

ब्रावो फाउंडेशन के लोगों द्वारा लगातार जरूरतमंदों के बीच बांटी जा रही है खाद्य सामग्री

कोरोना संक्रमण के मद्देनजर आने वाले दिनों में एयरपोर्ट और मेट्रो से यात्रा करने वालों को पुरानी आदतों में करना पड़ेगा बदलाव







# युवराज न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY Update

newstodayupdate.in

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

email: newstodaymth@gmail.com    website : newstodayupdate.in

वर्ष : 06    अंक : 07+25    तिथि : 26 अप्रैल 2020    मूल्य : नि:शुल्क    प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## मन की बात में पीएम मोदी ने अपील की कि जब दुनिया इतने बड़े संकट का सामना कर रही है, तो इस बार रमजान को धैर्य, सद्भाव, संवेदनशीलता और सेवा का प्रतीक बनाने का एक अवसर है



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया

**बिग ब्रेकिंग**




देश में जारी लॉकडाउन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम के जरिए लोगों को संबोधित कर रहे हैं। हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होने वाले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम का यह 64वां संस्करण है। इससे पहले 'मन की बात' के 63वें एपिसोड में पीएम मोदी मोदी ने कोविड–19 के कारण देश में व्याप्त स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया था।मन की बात कार्यक्रम का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने शनिवार को ट्वीट किया कि इस महीने के मन की बात के लिए कई आनंददायक इनपुट मिल रहे हैं। आइए जानें आज पीएम मन की बात में किस बात का जिक्र कर रहे हैं।

### लाइव पीएम मोदी मन की बात अपडेट :

– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले मन की बात तक दुनिया भर में कोरोना वायरस से राहत मिलेगी।

– – पीएम मोदी ने अपील की कि जब दुनिया इतने बड़े संकट का सामना कर रही है, तो इस बार रमजान को धैर्य, सद्भाव, संवेदनशीलता और सेवा का प्रतीक बनाने का एक अवसर है।

– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार कोरोना वायरस लॉकडाउन के कारण लोग सादगी से अपने घर में त्योहार मना रहे हैं।

– हमारे किसानों की कड़ी मेहनत के कारण, हम सभी के पास अन्न के भंडार हैंय यदि हम अक्षय बने रहना चाहते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी पृथ्वी अक्षय होः पीएम मोदी

– पीएम मोदी ने कहा कि आज अक्षय तृतीया है– जिसे समाप्त या नष्ट नहीं किया जा सकता है वह है 'अक्षय'य दिन हमें याद दिलाता है कि हम चाहे कितनी भी रुकावट और बीमारियों का सामना करें, उनसे लड़ने की हमारी भावना अक्षय है।

– पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन हालातों में भी हमने एक तरफ हमने अपनी जरूरतें पूरी की तो दूसरे देशों की भी मदद कर मानवता भी दिखाई।

– पीएम मोदी ने कहा कि जब कोई दूसरों की जरूरतों को पूरा करता है, जो अपने आप में, कड़ी मेहनत से, आवश्यक वस्तु– मात्रा के बावजूद, अपनी संस्कृति के साथ पूरा करता है।

– एक और जागरूकता जो आई है वह है सार्वजनिक रूप से थूकने का नुकसान – अब समय आ गया है कि इस बुरी आदत को हमेशा के लिए मिटा दिया जाएः पीएम मोदी

– पीएम मोदी ने कहा कि कोविड–19 ने हमारी कार्य शैली, जीवन शैली और आदतों में कई सकारात्मक बदलाव लाए हैंय आप देखेंगे कि मुखौटा सभ्य समाज का प्रतीक बन जाएगा।

– पीएम ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई बार, हम अपनी क्षमता का एहसास करने से इंकार कर देते हैं और जब कोई देश हमें साक्ष्य–आधारित अनुसंधान पर अपना सूत्र सिखाता है, तो हम इसे जल्दी अपनाते हैं।

– पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया भर में लोग भारत के योग और आयुर्वेद की ओर देख रहे हैंय मुझे यकीन है कि आप आयुष मंत्रालय द्वारा प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले प्रोटोकॉल का अभ्यास कर रहे होंगे।




## कोरोना से निपटने में आईएमए से सहयोग मांगा जिलाधिकारी ने, कहा इस हेतु जिलाप्रशासन आपको हर संभव मदद करेगा



रिंकू गिरी, स्थानीय संवाददाता




पूर्वी चंपारण मोतिहारी के जिलाधिकारी कपील अशोक शीर्षत की अध्यक्षता में आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) प्रतिनिधियों एवं निजी चिकित्सकों की बैठक हुई। डीएम ने कहा कि कोविद 19 के कारण उत्पन्न आपातकालीन परिस्थिति से प्रभावकारी तरीके से निपटने में आईएमए से सहयोग की अपेक्षा है और प्रशासन आपको हर संभव मदद करेगा।

इस क्रम में सभी निजी नर्सिंग होम एवं ओपीडी को प्रारंभ कर मरीज का इलाज करते हुए कोरोना के संक्रमण से बचाव की जानकारी देते हुए जागरूक करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया गया।

मौके पर आपदा प्रबंधन के अपर समाहर्ता शशि शेखर चौधरी, अनिल कुमार, निजी चिकित्सक डा. डी. नाथ, डा. परवेज, डा. सी बी सिंह, डा. आशुतोष शरण आदि उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित चिकित्सा प्रतिनिधियों को कोविद 19 से संबंधित संभावित मरीज संज्ञान में आने पर तत्काल उक्त आशय की सूचना सदर अस्पताल को देने का निर्देश दिया गया।

## कोरोना संक्रमण के मद्देनजर आने वाले दिनों में एयरपोर्ट और मेट्रो से यात्रा करने वालों को पुरानी आदतों में करना पड़ेगा बदलाव



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह




कोरोना संक्रमण के मद्देनजर आने वाले दिनों में एयरपोर्ट और मेट्रो से यात्रा करने वालों को पुरानी आदतों में बदलाव करना पड़ेगा। लॉकडाउन खत्म होने के बाद आइजीआइ एयरपोर्ट और दिल्ली की लाइफलाइन मेट्रो में प्रवेश से पहले जहां यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। वहीं, उनके लिए मास्क पहनना अनिवार्य होगा।

### शारीरिक दूरी का रखना होगा ख्याल

एयरपोर्ट और मेट्रो की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने इसके लिए विशेष योजना बनाई है। इसमें कोरोना से बचाव के अन्य उपाय सहित शारीरिक दूरी बनाए रखने का भी प्रावधान है। दरअसल देश में फिलहाल 25 मार्च से 3 मई तक लॉकडाउन है।

### लॉकडाउन के बाद के लिए तैयार हुई खास रणनीति

इस दौरान यात्री विमान और मेट्रो का संचालन नहीं हो रहा है। उधर, कोरोना संक्रमण के तहत लॉकडाउन के बाद एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशनों पर उड़ान और मेट्रो के संचालन के तहत सीआइएसएफ ने खास रणनीति तैयार की है। सीआइएसएफ के प्रवक्ता हेमेंद्र सिंह ने बताया कि लॉकडाउन खत्म होने के बाद एयरपोर्ट पर खास प्रबंध किए जाएंगे।

### जवान भी पहनेंगे मास्क और गलब्स

जवान मास्क, ग्लब्स और विशेष उपकरणों से लैस तो होंगे ही। यात्रियों को भी बिना मास्क लगाए एयरपोर्ट में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वहीं सुरक्षा जांच में लगे जवानों को पीपीई किट दिया जाएगा। उधर, मेट्रो यात्रियों को भी टोकन के साथ ही मास्क लगाना अनिवार्य होगा।

### जेब में सैनिटाइजर के साथ रखना होगा आरोग्यसेतु ऐप

उनके मोबाइल में आरोग्यसेतु ऐप और जेब मे सैनिटाइजर रखना भी जरूरी होगा। हेमेंद्र सिंह ने बताया की मेट्रो परिसर में प्रवेश से पहले सभी यात्रियों का थर्मल स्क्रीनिंग भी किया जाएगा। यदि उनके शरीर का तापमान ज्यादा है अथवा यात्रियों को खांसी, जुकाम जैसे फ्लू के लक्षण होंगे तो उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## अचानक मौसम में हुए बदलाव से देश के कई इलाकों में तेज बारिश हुई, बारिश का असर सबसे ज्यादा किसानों पर, छपरा में आकाशीय बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत



आशीष राज,
स्थानीय संपादक, न्यूज टुडे




अचानक मौसम में हुए बदलाव से दिल्ली सहित उत्तर भारत में कुछ जगहों पर गरज के साथ तेज बारिश हुई। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में रविवार सुबह गरज के साथ हल्की हुई। रविवार को यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश व उत्तराखंड में कई इलाकों में तेज बारिश हुई। बारिश का असर सबसे ज्यादा किसानों पर पड़ा है। वहीं छपरा में आसमान से मौत की बारिश हुई है. छपरा में आकाशीय बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हो गयी है और करीब आधा दर्जन लोग घायल बताये जा रहे हैं।

गौरतलब है कि रविवार की सुबह छपरा के दियारा इलाके में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से लगभग 9 लोगों के मौत हो गयी है, वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग दुर्घटना में घायल बताये जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दियारा इलाके में सुबह कुछ ग्रामीण परवल की खेती की मापी के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान तेज आंधी व बारिश शुरू हो गयी। जिससे बचने के लिए सभी लोग पास की एक झोपड़ी में इकट्ठा हो गये। इसी बीच तेज आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरी जिसकी चपेट में आकर लोग इसका शिकार हो गये।

### बिहार के 18 जिलों में ब्लू अलर्ट जारी

बिहार में भी पश्चिमी विक्षोभ असर दिखाई दिया। पटना सहित राज्य के अधिकांश इलाकों में बादल छाए हैं। कई क्षेत्रों में बारिश हो रही है। कई जगह आंधी–तूफान और ओलावृष्टि की भी खबर मिली है। इससे भारी नुकसान की आशंका व्यक्त की जा रही है। बारिश के दौरान वज्रपात से भोजपुर में एक युवती की मौत भी हो गई। मौसम विभाग ने बीते दिनों 26 अप्रैल तक के लिए बिहार के 18 जिलों में ब्लू अलर्ट जारी किया था । इसमें राज्य के उत्तरी हिस्से में आंधी–तूफान के साथ तेज बारिश तथा दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया था।

राजधानी पटना में देर रात से ही मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। तापमान गिर गया है। तेज हवाओं के बीच बारिश हो रही है। वैशाली, सारण, सिवान व गोपालगंज आदि जिलों में भी सुबह से बारिश हो रही है। सिवान में आधी रात से गरज के साथ बारिश व ओलावृष्टि की खबर मिली है।

### सोमवार को भी है बारिश का अनुमान

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार यहां मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम पूर्वानुमान केंद्र, दिल्ली से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं की वजह से सोमवार तक यहां बदलाव देखने को मिल सकता है। दिल्ली के कई इलाकों में रविवार और सोमवार को हल्की बारिश की संभावना जताई गई थी।इसके अलावा देश के अन्य राज्य बिहार और उत्तर प्रदेश में भी बारिश होने का अनुमान है।

## राशन से वंचित दर्जनों कार्ड धारकों ने किया हंगामा, डीलरों ने कहा-१६१५ उपभोक्ता में महज १३२० कार्ड का आवंटन होने से हमेशा हंगामा की स्थिति



संतोष राऊत न्यूज टुडे,





पूर्वी चंपारण के संग्रामपुर प्रखंड स्थित भटवलिया पंचायत में राशन से वंचित दर्जनों कार्ड धारकों ने शुक्रवार को शारीरिक दूरी को धता बताते हुए हंगामा किया। कार्ड धारक बच्ची देवी,पशुपति देवी, चंदन साह, रामबाबू सहनी, विक्रमा गिरि आदि का कहना था कि राशन कार्ड हैं। जो कि नेट पर डाले गए सूची में नाम दिखा रहा हैं, ले. किन राशन नहीं मिल रहा हैं। कार्ड धारकों की माने तो पॉस मशीन पर नाम भी दिख रहा हैं तब भी राशन से वंचित हैं।

### 1615 उपभोक्ता में महज 1320 कार्ड का आवंटन

वही जनवितरण दुकानदार बच्चा बैठा व दुकान प्रतिनिधि वरुण कुमार सिंह, बंका सिंह,नन्द किशोर पाठक,प्रियंका कुमारी ने संयुक्त रूप से बताया की पंचायत में कुल 1615 उपभोक्ता हैं। जबकि उठाव महज 1320 कार्ड धारियों का ही होता है। जिससे हमेशा हंगामा की स्थिति उत्पन्न होते रहता है। डीलरों की माने तो बच्चा बैठा के पास 334 उपभोक्ता हैं, जबकि उन्हें 298 उपभोक्ता का आबंटन मिलता हैं।बांका सिंह को 412 उपभोक्ता हैं जबकि उन्हें महज 322 लोगों का ही आबंटन मिलता है। जबकि राजकुमारी देवी को 361 उपभोक्ता हैं जबकि उन्हें भी 273 का राशन मिलता हैं। प्रियंका कुमारी को 227 उपभोक्ता हैं जबकि 142 का आबंटन मिलता हैं,नन्द किशोर पाठक को 281 उपभोक्ता है जबकि इनके द्वारा मार्च में 285 उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध कराया गया है।

इस मामले में सबसे दिलचस्प पहलू यह हैं कि पूरे पंचायत में पांच डीलरों के बीच 295 उपभोक्ताओं का राशन नहीं मिल पाता है। साथ वर्ष 2016 में 78 उपभोक्ताओं का राशन कार्ड रद्द करते हुए आवंटन को भी बंद कर दिया गया हैं। जिसको लेकर आये दिन रद्द कार्ड कार्डधारियों द्वारा साजिश के तहत हमेशा हो हल्ला किया जाता हैं जिससे डीलर परेशान। जबकि इसकी जानकारी अनुमंडल से लेकर जिला के अधिकारियों तक है।

## ब्रावो फाउंडेशन के लोगों द्वारा लगातार जरूरतमंदों के बीच बांटी जा रही हैं खाद्य सामग्री



सम्राट, संवाददाता




वैश्विक महामारी कोरोना से जंग में ब्रावो फाउंडेशन ने भी समाज एवम सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। फाउंडेशन के लोगों द्वारा लगातार जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री बांटी जा रही हैं।

ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक व ब्रावो फार्मा के चेयरमैन राकेश पांडेय के निर्देशानुसार स्थानीय फाउंडेशन के सक्रिय सदस्यों जितेन्द्र गिरी, नीरज कुमार, राजेश रंजन, वीरेन्द्र प्रसाद साहू एवम उपेन्द्र पटेल के द्वारा चिन्हित जरूरतमंदों के बीच जो असंगठित मजदूर, दिहाड़ी मजदूर, घरेलू कामगार महिलाएं, रिक्शा चालक एवम ठेला चालक शहर में सुखा खाद्य सामग्री का पैकेट वितरण किया गया है।

श्री पांडेय ने दूरभाष पर बताया कि लॉक डाउन के चलते उपरोक्त कामगारों को जीवन यापन करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हम सभी की महती जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने समाज एवम आस पास ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनका कष्ट अवश्य दूर करें।

श्री पांडेय ने आगे कहा कि इसी समस्याओं को दूर करने के लिए फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा चिन्हित जरूरतमंदों के बीच राहत सामग्री का वितरण आगे भी चलता रहेगा। श्री पांडे ने सोसल डिस्टेंसिंग एवम लॉक डाउन का पालन करने के लिए समाज के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना से डरने का! बल्कि हिम्मत से लड़ने की आवश्यकता है।


बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की ख़बर के साथ अपनी ख़बर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830




Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830